e-mail:-astha.itawa@gmail.com

कार्यालय प्राचार्य

Ph.: 98284-66262, 94131-281

# आस्था महाविद्यालय, इटावा

पीपल्दा रोड़, इटावा, जिला–कोटा (राज.)

क्रमांक:–

दिनांक:.........

दिनांक: 12 दिसंबर 2023

## सूचना

महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद कॉलेज, गोठड़ा (हिंडोली), बूंदी, राजस्थान के सहयोग से 16 से 22 दिसम्बर 2023 तक 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, सामुदायिक सहभागिता, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं ग्रामीण विकास के प्रति व्यवहारिक समझ विकसित करना है। शिविर के दौरान जागरूकता रैली, वृक्षारोपण, स्लोगन लेखन, स्वच्छता अभियान तथा अन्य सामुदायिक सेवा गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी।

चयनित स्वयंसेवकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी तथा उन्हें निर्धारित अनुशासन का पालन करना आवश्यक है।

**कार्यक्रम विवरण:**

दिनांक : 16 से 22 दिसम्बर 2023 (7 दिवसीय)
समय : प्रातः 10.00 बजे से
स्थान : गोद लिया हुआ ग्राम – खोड़ावदा

PRINCIPAL
ASTHA MAHAVIDYALAYA
ITAWA KOTA (RAJ.)

आदेशानुसार

डॉ. कमलेश दायमा
प्राचार्य
आस्था महाविद्यालय, इटावा

## सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना

दिनांक: 16 से 22 दिसम्बर 2023

आस्था महाविद्यालय, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद कॉलेज, गोठड़ा (हिंडोली), बूंदी, राजस्थान के सहयोग से दिनांक 16 से 22 दिसम्बर 2023 तक ग्राम खोड़ावदा में 7 दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, सामुदायिक सहभागिता, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रामीण विकास के प्रति व्यवहारिक समझ विकसित करना था।

शिविर का शुभारंभ श्रमदान गतिविधि के साथ किया गया। इस अवसर पर मीणा जनजाति समिति खोड़ावदा के अध्यक्ष मोहन लाल मीणा ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा एवं ग्रामीण विकास कार्यों में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

शिविर के द्वितीय दिवस स्वयंसेवकों द्वारा मीणा जनजाति छात्रावास परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान नीम, अशोक, गुलमोहर एवं शीशम के पौधे लगाए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलेश दायमा ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया।

तृतीय दिवस कोटा समन्वयक डॉ. रीना कुमारी के मार्गदर्शन में गोद ली गई बस्ती में नारा लेखन गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान दहेज प्रथा, नशा मुक्ति, बाल विवाह उन्मूलन तथा बालिका शिक्षा जैसे सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता संदेश लिखे गए।

शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता गतिविधियाँ, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी संदेश प्रसार तथा ग्रामीणों से संवाद जैसे कार्य किए गए। पंचम दिवस अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जन जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा एवं अशिक्षा के विरुद्ध जागरूकता फैलाई गई।

इस शिविर के सफल संचालन में संस्था अध्यक्ष हसन अब्बास पठान, प्राचार्य डॉ. कमलेश दायमा, NSS कार्यक्रम अधिकारी रामचंद्र दायमा, तथा सहयोगी स्टाफ श्यामबिहारी नायक, कमलेश्वर मीणा, अंगराज सुमन एवं हरिओम आर्य का विशेष योगदान रहा। पूरे शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने अनुशासन, टीम भावना एवं सेवा भाव का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस विशेष शिविर से विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता एवं सामुदायिक सेवा की भावना मजबूत हुई। ग्रामीण समुदाय में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति सकारात्मक बदलाव देखने को मिला। स्वयंसेवकों को ग्रामीण जीवन, सामाजिक समस्याओं एवं उनके समाधान की व्यवहारिक समझ प्राप्त हुई। यह शिविर विद्यार्थियों को जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक बनाने की दिशा में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ।



**श्रमदान के साथ शुरू हुआ एनएसएस का शिविर**

न्यूज सर्विस/नवज्योति, इटावा। आस्था महाविद्यालय इटावा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ ग्राम खोडावदा में श्रमदान के साथ हुआ।

शिविर का शुभारंभ मीणा जनजाति समिति खोडावदा के अध्यक्ष मोहन लाल मीणा द्वारा किया गया मीणा। मीणा ने स्वंय सेवको को हमेशा समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए कहा। विशिष्ट अतिथि आस्था शोध एंव विकास संस्था बून्दी के अध्यक्ष हसन अब्बास पठान रहे। प्राचार्य डॉ. कमलेश दायमा नें सभी अतिथियो का माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वंय सेवको को पूरी निष्ठा व लगन से कार्य करने को कहा। विशिष्ट अतिथि पठान नें स्वंय सेवको को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी रामचन्द्र दायमा नें सात दिवसीय कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की व सभी को रुपरेखा के अनुसार कार्य करने को कहा। संचालन कमलेश्वर मीणा के द्वारा किया गया। श्याम बिहारी नायक, पीटीई नवीन सामरिया, प्रमोद दायमा, राकेश मीणा तथा सभी स्वंय सेवक उपस्थित रहे।

*स्थानीय समाचार पत्र 'नवज्योति' में प्रकाशित: ग्राम खोडावदा में श्रमदान के साथ आस्था महाविद्यालय के NSS शिविर का उत्साहजनक शुभारंभ।*



*आस्था महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने श्रमदान के साथ सात दिवसीय NSS शिविर का आगाज़ किया।"*

हरित भविष्य की ओर कदम: ग्राम खोडावदा में स्वयंसेवकों द्वारा सघन पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया



## स्वयंसेवकों ने खोड़ावदा गांव में पौधरोपण किया

इटावा. नगर के आस्था महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने ग्राम खोड़ावदा स्थित मीणा जनजाति छात्रावास परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान वहां नीम, अशोक, गुलमोहर, शीशम के पौधे लगाकर व उनकी सुरक्षा बाड़ भी की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कमलेश दायमा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाना आवश्यक है, जो मानव जीवन के लिए लाभदायक है। इसलिए अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रामचन्द्र दायमा ने बताया कि स्वयंसेवकों के साथ ही सभी नागरिक भी पौधरोपण करके उनकी सार-संभाल करने की जिम्मेदारी लें, ताकि पर्यावरण संरक्षण बना रहे। इस अवसर पर श्यामबिहारी नायक, नवीन सामरिया, प्रमोद दायमा, मो. शाकिर भी उपस्थित रहे।

*लोकल न्यूज़ की रिपोर्ट: स्वयंसेवकों ने नीम और गुलमोहर के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।"*



*हरित भविष्य की ओर कदम: ग्राम खोडावदा में स्वयंसेवकों द्वारा सघन पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया*



## एनएसएस शिविर के तीसरे दिन नारा लेखन कर किया जागरूक

**न्यूज सर्विस/ नवज्योति, इटावा।**

महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयं सेवकों ने गोद लिए हुए गांव खोडावदा में नारा लेखन का कार्य किया।राष्ट्रीय सेवा योजना कोटा समन्वयक डॉ. रीना कुमारी ने स्वंय सेवकों के साथ गोद ली हुई बस्ती का भ्रमण किया। स्वंय सेवकों ने दीवारों पर दहेज प्रथा, नशा, बाल विवाह, बालिका शिक्षा, पर्यावरण से सम्बन्धित नारे लिख कर गांव के लोगों को जागरुक किया। डॉ. रीना ने समस्त स्वंय सेवको को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत किये जाने वाले कार्यों के बारे में बताया। शिविर के दौरान की जाने वाली गतिविधियो में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को उजागर करने पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ. कमलेश दायमा नें समन्वयक का स्वागत व विद्यार्थियो का मार्गदर्शन किया। स्वंय सेवको द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की।कार्यक्रम अधिकारी रामचन्द्र दायमा ने स्वंय सेवको द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी दी। संचालन श्याम बिहारी ने किया।अगंराज सुमन, पीटीआई नवीन सामरिया, प्रमोद दायमा, राकेश मीणा सहित स्वंय सेवक उपस्थित रहे।

**स्थानीय मीडिया में छाई स्वयंसेवकों की पहल: दहेज और नशा मुक्ति हेतु दीवारों पर उकेरे जागरूकता के नारे**



*दीवारों पर उकेरी जागरूकता: दहेज और नशा मुक्ति जैसे सामाजिक मुद्दों पर नारा लेखन कर ग्रामीणों को जागरूक करते स्वयंसेवक*



## रैली निकालकर आमजन को अन्धविश्वासों से किया जागरूक



**न्यूज सर्विस/ नवज्योति, इटावा।**

आस्था महाविद्यालय, इटावा में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय आवासीय शिविर के पांचवें दिन स्वयं सेवकों ने कार्यकम अधिकारी रामचन्द्र दायमा के निर्देशन में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली के माध्यम से स्वयं सेवकों ने ग्रामवासियों को कन्याभ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बालविवाह, अशिक्षा, नशाखोरी तथा गांव में फैले अन्धविश्वासों के प्रति लोगों को रैली के माध्यम से जागरूक किया। अध्यक्षता आस्था शोध एवं विकास संस्था बून्दी के अध्यक्ष हसन अब्बास पठान ने की। कमलेश्वर मीणा, राकेश मीणा तथा सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

*स्थानीय समाचार पत्र'.: स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को अंधविश्वासों और कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध जागरूक किया।*



*1अंधविश्वास के खिलाफ जंग: कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसी कुरीतियों को मिटाने के लिए निकाली गई विशाल रैली।"*

# ASTHA MAHAVIDHYALAYA, ITAWA

**PIPALDA ROAD, ITAWA, KOTA (RAJ.) 325004**

**(Affiliated to Kota University, Kota)**

**Name of the Programme: NSS 7 DAY CAMP**
**Date: December 16-22,2023**

**ATTENDANCE LIST**

| S.No | Student's Name | Gender | Class |
|---|---|---|---|
| 1. | Anamika Meena | Female | BA I Year |
| 2. | Anil Meena | Male | BA I Year |
| 3. | Meenakshi Meena | Female | BSCBED III Year |
| 4. | Monika Gurjar | Female | BA I Year |
| 5. | Prajjwal Arya | Male | BABED II Year |
| 6. | Ravina Meena | Female | BA I Year |
| 7. | Ruchita Paraliya | Female | BSCBED II Year |
| 8. | Hari Om Lodha | Male | BABED III Year |
| 9. | Sukhveer Meena | Male | BA I Year |
| 10. | Pulkit Nagar | Male | BSCBED III Year |
| 11. | Rohit Kumar Suman | Male | BSCBED III Year |
| 12. | Sakshi Pareta | Female | BSCBED II Year |
| 13. | Brijbala Yadav | Female | BABED III Year |
| 14. | Shiwani Bairwa | Female | BA I Year |
| 15. | Ravina Suman | Female | BSCBED III Year |
| 16. | Priya Meena | Female | BA I Year |
| 17. | Premshankar Kumhar | Male | BABED II Year |
| 18. | Priya Nagar | Female | BSCBED II Year |
| 19. | Ranjeet Gurjar | Male | BABED II Year |
| 20. | Deepika Gauttma | Female | BABED III Year |
| 21. | Tanvi Jangam | Female | BA I Year |

PRINCIPAL
ASTHA MAHAVIDYALAYA
ITAWA KOTA (RAJ.)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22. | Sunil Jatav | Male | BA I Year |
| 23. | Minakshi Suman | Female | BSCBED III Year |
| 24. | Nisha Kumari Bairwa | Female | BABED III Year |
| 25. | Shubham Nagar | Male | BSCBED III Year |
| 26. | Rakesh Gurjar | Male | BA I Year |
| 27. | Nikhil Paraliya | Male | BA I Year |
| 28. | Anjali Varma | Female | BSCBED III Year |
| 29. | Hitesh Aakodiya | Male | BABED II Year |
| 30. | Sakshi Nagar | Female | BA I Year |
| 31. | Reema Gochar | Female | BA I Year |
| 32. | Manisha Nagar | Female | BABED III Year |
| 33. | Laxmi Kumari Meena | Female | BA I Year |
| 34. | Kiran Kumari Arya | Female | BA I Year |
| 35. | Vijay Kumar | Male | BA I Year |
| 36. | Ankit Meena | Male | BSCBED III Year |
| 37. | Priya Nagar | Female | BABED III Year |
| 38. | Swarnima Singh | Female | BABED II Year |
| 39. | Rohit Kumar | Male | BA I Year |
| 40. | Antima Nagar | Female | BSCBED III Year |
| 41. | Sunil Kumar Gurjar | Male | BSCBED III Year |
| 42. | Sunil Kumar | Male | BA I Year |
| 43. | Ajay Meena | Male | BA II Year |
| 44. | Anmol Nama | Female | BABED II Year |
| 45. | Gaurav | Male | BABED II Year |
| 46. | Nisha Bairwa | Female | BA I Year |
| 47. | Monika Yadav | Female | BABED III Year |

PRINCIPAL
ASTHA MAHAVIDYALAYA
ITAWA KOTA (RAJ.)